RNI Regd. No. 7756/59

स्वतंत्र स्रोच, निष्पक्ष अभिव्यक्ति

दण्डकारण्य समाचार

62 वां वर्ष

जगदलपुर व रायपुर से एक साथ प्रकाशित

■ जगदलपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2020 ■ वर्ष 62 ■ अंक 71 ■ पृष्ठ 12 मूल्य 2.00 ■ प्रधान संपादक - तुषार कांति बोस

देश में कोरोना पाजिटिव मरीजों की संख्या 694 हुई

नयी दिल्ली, 26 मार्च (ए) देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस 'कोविड-19' संक्रमण के 43 नये मामले सामने आए हैं और चार मरीजों की मौत होने के साथ इस बीमारी की चपेट में आकर मरने वालों की संख्या 15 हो गयी है। कोरोना वायरस के कुल पाजिटिव मामलों की संख्या देश भर में 694 हो गई हैं जिनमें 647 भारतीय नागरिक तथा 47 विदेशी हैं।देश के विभिन्न राज्यों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरोना वायरस के संक्रमण से बिहार, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में एक-एक, गुजरात और महाराष्ट्र में तीन-तीन, कर्नाटक में दो लोगों की मौत हो गई हैं।

मच्छरों के काटने से नहीं फैलता कोरोना

नई दिल्ली,26 मार्च (ए)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में कोरोना वायरस फैलने के बाद फैले कुछ मिथकों को दूर करते हुए कहा कि इसका संक्रमण मच्छर के काटने से नहीं फैलता है। इस धारणा पर कि हर किसी को खुद को इस वायरस से बचाने के लिए मास्क पहनना चाहिए।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि ऐसे लोगों को मास्क पहनना चाहिए जिनमें बुखार, खांसी और जुकाम जैसे लक्षण हैं या वे स्वास्थ्य कर्मी हैं या पृथक इकाइयों की देखभाल करने का काम कर रहे हैं।

देशभर के हाईवे टोल फ्री

नई दिल्ली,26 मार्च (ए)। देश में कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि आपात सेवाओं का काम आसान करने के लिए देश में अस्थायी तौर पर राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल नहीं लिया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने अपनी घोषणा में कहा कि कोविड-19 को देखते हुए आदेश दिया जाता है कि देश के सभी टोल प्लाजा पर टोल लेने का काम बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे आपात सेवाओं के काम में लगे लोगों को जरूरी समय बचाने में मदद मिलेगी। वहीं गडकरी ने अपने ट्वीट में लिखा कि सड़कों के रखरखाव और टोल प्लाजा पर आपातकालीन संसाधनों की उपलब्धता हमेशा की तरह जारी रहेगी। दरअसल देश में 21 दिनों का लॉकडाउन 14 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान हाइवे और प्रदेशों की सीमाएं सील कर दी गई हैं।

आज का इतिहास

1944 - लिथुआनिया में दो हजार यहूदियों की हत्या कर दी गयी।
1961 - पहला विश्व रंगमंच दिवस मनाने की शुरुआत हुई।
1964 - अलास्का में 8.4 की तीव्रता वाले भूकंप से 118 लोगों की मौत हुई।
1977 - टेनेरीफ में दो जंबो विमान हवाई पट्टी पर टकराने से दुनिया की सबसे भयानक विमान दुर्घटना हुई थी, जिसमें 583 लोग मारे गए।

बहुत खूब

1.70 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज का ऐलान

कोरोना संकट में गरीबों के लिए मोदी सरकार ने खोला राहत का पिटारा

नई दिल्ली,26 मार्च (ए)। देश में कोरोना वायरस के कारण प्रभावित अर्थव्यवस्था और गरीबों की मदद के मकसद से केंद्र सरकार ने 1.70 लाख करोड़ रुपये के पैकेज का ऐलान किया है। इस ऐलान में देश के 80 करोड़ लोगों को तीन माह तक मुफ्त गेहूं, चावल व दाल मुहैया कराना भी शामिल है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना की घोषणा की। डायरेक्ट कैश ट्रांसफर होगा और खाद्य सुरक्षा के जरिए गरीबों की मदद की जाएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अभी लॉकडाउन को 36 घंटे ही हुए हैं सरकार प्रभावितों और गरीबों की मदद के लिए काम कर रही है। हम 1.70 लाख करोड़ रुपये पैकेज लेकर आए हैं, जो गरीबों का ध्यान रखेगा, जिन्हें तुरंत मदद की जरूरत है। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में काम कर रहे कोरोना वायरस से लोगों को बचा रहे डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ को 50 लाख रुपये का इंश्योरेंस कवर दिया जा रहा है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस योजना के तहत किसानों, मनरेगा, गरीब विधवा, गरीब पेंशनधारी और दिव्यांगों, और जनधन अकाउंट धारी महिलाओं, उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाएं, स्वंय सेवा समूहों की महिलाओं और संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों, कंस्ट्रक्शन से जुड़े मजदूरों को मदद दी जाएगी। वहीं संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए दो घोषणाएं की गई हैं। ईपीएफ की 24 फीसदी रकम अगले 3 महीने तक सरकार ही देगी। ये 100 कर्मचारियों तक के संस्थानों के लिए होगा, जिसमें 90 फीसदी कर्मचारियों की औसत आमदनी 15000 प्रतिमाह है। इससे 80 लाख कर्मचारियों और 4 लाख कंपनियों को इसका फायदा होगा। पीएफ रेग्युलेशन में संशोधन किया जाएगा ताकि इस मुश्किल घड़ी में कर्मचारी आकस्मिक निधि से 75 फीसदी तक फंड या तीन महीने के वेतन के बराबर जो भी कम है, कर्मचारी निकाल सकते हैं। इससे 4.8 करोड़ कर्मचारियों को फायदा मिलेगा जो ईपीएफओ के सदस्य हैं।

5 किलो गेहूं व चावल मुफ्त

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत किसी गरीब को भूखा नहीं रहने दिया जाएगा। अभी 80 करोड़ लाभार्थियों को हर महीने 5 किलो गेहूं या चावल प्रति व्यक्ति मुफ्त मिलता है। अगले तीन महीने तक इन्हें अतिरिक्त 5 किलो प्रति व्यक्ति गेहूं या चाव दिया जाएगा। प्रति परिवार एक किलो दाल भी दिया जाएगा। दाल क्षेत्र के मुताबिक लोगों की पसंद का दिया जाएगा।

निर्माण कार्य से जुड़े मजदूरों की मदद

राष्ट्र निर्माण में भवन और अन्य निर्माण कार्य से जुड़े मजदूरों की बड़ी भूमिका है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए निर्माण कार्य से जुड़े मजदूरों के लिए फंड है। इसमें 31 हजार करोड़ रुपये का फंड है। साढ़े तीन करोड़ रजिस्टर्ड मजदूरों की मदद के लिए राज्य सरकारों को कहा गया है। वहीं डिस्ट्रिक मिनरल फंड का भी ऐलान किया गया, जो राज्य सरकारों के पास यह धन उपलब्ध रहता है। इसका उपयोग स्वास्थ्य जांच, उपचार और दवाओं के लिए किया जाएगा।

किसानों के खाते में पैसा

वित्त मंत्री ने कहा कि किसानों को सालाना 6 हजार रुपये पीएम किसान सम्मान निधि के तहत मिलते हैं, हम इसकी पहली किस्त अप्रैल के पहले हफ्ते किसानों को देंगे। इसका 8.69 करोड़ किसानों को इसका फायदा मिलेगा।

बढ़ाई मनरेगा मजदूरी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जो लोग ग्रामीण इलाकों में मनरेगा के तहत मजदूरी करते हैं, इनकी दिहाड़ी 182 रुपये से बढ़ाकर 202 रुपये कर दी गई है। प्रति मजदूर को करीब दो हजार रुपये की अतिरिक्त कमाई होगी। इसका फायदा 5 करोड़ मजदूरों को मिलेगा।

गरीब, विधवा व दिव्यांगों को भी मदद

वित्त मंत्री ने कहा कि गरीब बुजुर्गों, गरीब विधवा और गरीब दिव्यांगों को दो किस्तों में अतिरिक्त एक हजार रुपये दिए जाएंगे, अगले तीन महीनों में। इससे 3 करोड़ बुजुर्गों, विधवा महिलाओं और दिव्यांगों को फायदा होगा। यह डीबीटी के जरिए उनके खातों में जाएगा।

जनधन खाते में 15 सौ रुपये

सीतारमण ने कहा कि 20 करोड़ जनधन खाताधारक महिलाओं को 500 रुपये प्रति महीने अगले तीन महीनों तक मिलते रहेंगे। इसका 20 करोड़ महिलाओं को फायदा मिलेगा। तीन महीने में इन्हें कुल 15 सौ रुपये की मदद मिलेगी।

तीन महीने तक मुफ्त सिलेंडर

वित्त मंत्री ने कहा कि उज्ज्वला योजना के तहत गरीब महिलाओं को सिलेंडर दिए गए हैं। 8 करोड़ महिलाओं को इससे धुएं से मुक्ति मली है। इस मुश्किल घड़ी में उनके लिए तीन महीने तक मुफ्त सिलेंडर दिया जाएगा। इससे 8.3 करोड़ बीपीएल परिवारों को फायदा होगा।

बिना गारंटी 20 लाख तक लोन

महिलाओं के स्वंय सेवा समूह 63 लाख हैं, 7 करोड़ परिवार इससे जुड़े हैं। इन्हें 10 लाख रुपये तक गारंटी के बिना लोन मिलता था अब इसे बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया गया है।

कोरोना संक्रमण रोकने छग सरकार हुई सख्त

- विदेशयात्रा से लौटे नागरिकों की जानकारी जुटा रही टीम
- राज्य में अब तक 6 प्रकरण आए सामने

रायपुर, 26 मार्च । छत्तीसगढ़ में कोरोना वायरस को लेकर जारी अलर्ट और तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अब तक 6 मरीजों में कोरोना पॉजीटिव पाया गया है।

स्वास्थ्य विभाग को विदेश यात्रा से लौटे 200 लोगों की खोज, 1580 क्वारेंटाइन में

रायपुर, 26 मार्च । प्रदेश में अब कोरोना की वजह से हालात बिगड़ते जा रहे है। अब तक 6 लोग इस वायरस से पीड़ित पाए गए हैं, जिनका उपचार एम्स में हो रहा है। ऐसी परिस्थिति में अब लोगों के लिए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना बेहद जरूरी हो गया है। ज्यादातर संक्रमण का खतरा उन लोगों से है जो विदेश यात्राओं से लौटे हैं।

राहत की बात यह है कि यह सभी 6 मरीज विदेश यात्रा कर लौटे हैं और इनका ज्यादा संपर्क लोकल व्यक्तियों से नहीं हुआ है। हालांकि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कोरोना के संक्रमण के लिए बरती जा रही तगड़ी व्यवस्था के बीच सभी संक्रमित लोगों को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है।

विदेश यात्रा से लौटे 17 यात्रियों की पुलिस कर रही तलाश

रायपुर, 26 मार्च । रायपुर जिले के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी विनीत नंदनवार ने बताया है कि हाल ही में विदेश यात्रा से आए 17 व्यक्तियों की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।इन सभी यात्रियों को मीडिया के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे अपना चिकित्सकीय परीक्षण अनिवार्य रूप से कराये। पुलिस एवं प्रशासन को रिपोर्ट करे तथा किसी प्रकार की जानकारी छिपाये नही। जानकारी छिपाने का कार्य,उनके लिए, उनके परिवार के लिए तथा समाज,राज्य और देश के लिए घातक साबित हो सकता है।से इन्हें जानने या पहचानने वाले अन्य व्यक्ति भी टोल फ्री नंबर 104 पर इनके संबंध में जानकारी दे सकते है।

सोनिया ने किया 21 दिन के लॉकडाउन का स्वागत

नयी दिल्ली 26 मार्च (ए) कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कोरोना का फैलाव रोकने के लिए सरकार के 21 दिन के लॉकडाउन के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि इस महामारी के विरुद्ध सरकार जो भी कदम उठाएगी पार्टी उसका समर्थन करेगी।

श्रीमती गांधी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर कहा है कि कांग्रेस कोरोना के खिलाफ लड़ाई में सरकार तथा देश की जनता के साथ खड़ी है। इस महामारी से निपटने के लिए सरकार जो भी कदम उठाएगी पार्टी उसका समर्थन करेगी।

श्री मोदी के पूरे देश मे 21 दिन के लॉकडाउन लागू करने को सही कदम बताते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इस विषाणु ने पूरी दुनिया को संकट में डाल दिया है और खासकर समाज के कमजोर वर्ग के लोगो के लिए यह चुनौती बन गया है।

उन्होंने कहा कि पूरा देश इस बीमारी को हराने के लिए एकजुट है और कांग्रेस पार्टी इसको परास्त करने के सरकार के हर फैसले के साथ खड़ी है।

श्रीमती गांधी ने कोरोना से लड़ने के लिए सरकार के 15,000 करोड़ रुपये के आवंटन का स्वागत करतेया और कहा कि इस रोग का इलाज कर रहे डॉक्टरों, नर्सों तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को इस रोग से बचाव के सारे जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

गिलोटिन के जरिए विधानसभा में सभी विभागों के बजट पारित

- विधेयकों को पारित किये जाने पर विपक्ष ने जतायी आपत्ति, किया वॉकआउट
- विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

रायपुर, 26 मार्च । कोरोना वायरस के चलते छत्तीसगढ़ विधानसभा में गुरूवार को भूपेश मंत्रिमंडल के सभी विभागों के बजट प्रस्ताव को गिलोटिन के जरिए पारित कर दिया गया। बजट के साथ-साथ संशोधन विधेयकों को भी पारित किया गया। कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय प्रस्ताव को सदन में स्वीकृत प्रदान करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत ने विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी।

कोरोना वायरस के चलते विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही 16 मार्च को करीब एक घंटे चलने के बाद 25 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। इस निर्णय से पूर्व कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई थी और इसी बैठक में निर्णय प्रस्ताव को सदन में संसदीय कार्यमंत्री रविन्द्र चौबे ने रखा था, जिसे आसंदी द्वारा स्वीकृती प्रदान की थी। कोरोना वायरस के कारण 09 दिन स्थगित रहने के बाद विधानसभा की कार्यवाही आज पुनः शुरू हुई। पर इससे पूर्व आज भी विधानसभा अध्यक्ष डा.चरणदा महंत की अध्यक्षता में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई। इस बैठक में कोरोना वायरस के प्रभाव को देखते हुए एक बार फिर विधानसभा की कार्यवाही स्थगित करने पर चर्चा हुई। कार्यमंत्रणा समिति की बैठक के बाद विधानसभा की कार्यवाही 11 बजे शुरू हुई।

कार्यवाही शुरू होते ही सबसे पहले प्रदेश के सुकमा जिले में नक्सली हमला में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद संसदीय कार्यमंत्री रविन्द्र चौबे ने कार्यमंत्रणा की समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुरूप सभी विभागों के बजट प्रस्ताव के साथ-साथ संशोधन विधेयकों को गिलोटिन के जरिए पास कराने की मांग करते हुए प्रतिवेदन सदन में पेश किया।

पशु, कुक्कुट आहार एवं फिश फीड के परिवहन एवं पशु चिकित्सा सेवाएं लॉकडाउन से रहेंगे मुक्त

रायपुर, 26 मार्च । छत्तीसगढ़ में पशु, कुक्कुट आहार एवं पिश फिड एवं पशु चिकित्सा सेवाओं को लॉकडाउन से मुक्त रखने के संबंध में सभी जिलों के कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में कृषि उत्पादन आयुक्त एवं प्रमुख सचिव डॉ. मनेन्द्र कौर द्विवेदी द्वारा सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र लिखा है।

कृषि उत्पादन आयुक्त के पत्र में भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग और गृह मंत्रालय एवं छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी पत्रों में पशु चिकित्सा सेवाएं, अतिआवश्यक सेवाएं होने, डेयरी, मिल्क बुथ, मिट, पिश एवं पशु चारा दुकानों को लॉकडाउन से मुक्त रखने तथा आवश्यक सामग्रियों से परिवहन में छूट होने का उल्लेख करते हुए पशु, कुक्कुट आहार एवं पिश फिट तथा आहार के घटक-मक्का, सोया, राईस ब्रान खली, चुनी, सूखा, हरा चारा, लाइम स्टोन ग्रिन्ट, रोल ग्रिड, हाई कैल्सियम फॉस्फेट, दवाई, वैक्सीन, दुग्ध पेकिंग और वितरण सामग्री को लॉकडाउन से मुक्त रखते हुए, राज्य में व अन्य राज्यों से परिवहन की अनुमति देने के साथ ही पशु चिकित्सा विभाग के स्टॉफको भी परिवहन में छूट देने के संबंध में लिखा गया है।

कृषि उत्पादन आयुक्त के पत्र के अनुसार राज्य के कुछ जिलों में पशु, कुक्कुट एवं पिश चारा परिवहन, दुग्ध पेकिंग, वितरण सामग्री तथा पशु चिकित्सा विभाग के स्टॉफको परिवहन की छूट नहीं दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि राज्य में बड़ी संख्या में प्राईवेट, सरकारी डेयरी, पोल्ट्री फार्म एवं पिश फार्म संचालित है। जिन्हें समय बद्ध चारा, दाना आपूर्ति अपरिहार्य है। लेकिन कुछ जिलों में वाहनों को रोका जा रहा है, जिससे पशु, पक्षी, पिश के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है।

उड़ते विमान में एक शख्स ने कहा- मुझे कोरोना है तो पायलट ने वापस घुमा लिया प्लेन

कनाडा 26 मार्च (ए) कोरोना वायरस जैसी महामारी से जूझ रहे चीन में अबतक 425 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। खबर है कनाडा से। यहां एक शख्स हवाई जहाज में सफर कर रहा था। उसने कहा कि उसे कोरोना वायरस है। पायलट ने प्लेन ही वापस घुमा लिया।

खतरनाक कोरोना वायरस का खौफ हर दिन बढ़ता ही जा रहा है। अभी तक कोर्रोना से 425 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 20,438 लोग इससे संक्रमित हो चुके हैं।

विदेशी समाचार एजेन्सी के अनुसार, कनाडा की वेस्टजेट सर्विस टोरंटो से मोंटेगो बे, जमैका जा रही थी। इसी दौरान एक 29 वर्षीय व्यक्ति ने कहा कि उसे कोरोना वायरस वायरस है जिसके कारण 425 लोग मर चुके हैं। प्लेन में बैठे यात्रियों ने बताया कि व्यक्ति लगातार सेल्फी लेता जा रहा था और बोलता जा रहा था कि उसे वायरस है।

बता दें कि जैसे ही इस घटना के बारे में पायलट को पता चला उन्होंने प्लेन वापस घुमा लिया टोरंटो। केबिन क्रू ने शख्स को मास्क दिया। अन्य यात्रियों को शांति बनाए रखने की अपील की। टोरंटो फ्लाइट वापस पहुंची। पुलिस ने उस व्यक्ति को पकड़ लिया। अब उसपर कानूनी कार्रवाई होगी। बता दें कि इस फ्लाइट में 243 यात्री सफर कर रहे थे। कनाडा एयरलाइन्स ने यात्रियों से असुविधा के लिए खेद जताया।

वित्तीय आपातकाल घोषित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

नयी दिल्ली, 26 मार्च (ए) कोरोना वायरस 'कोविड-19' के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए 21 दिनों के पूर्ण लॉकडाउन की घोषणा के परिप्रेक्ष्य में उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर करके देश में वित्तीय आपातकाल घोषित करने का अनुरोध किया गया है।

धिंक-टैंक सेंटर फॉर एकाउंटेबिलिटी एंड सिस्टेमिक चेंज (सीएएससी) की ओर से गुरुवार शाम दायर जनहित याचिका में संविधान के अनुच्छेद 360 के तहत वित्तीय आपातकाल घोषित करने का केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है। वकील विराग गुप्ता की ओर से तैयार और एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड (एओआर) सचिन मित्तल द्वारा दायर याचीका में कहा गया है कि यह एक वैश्विक महामारी है जिससे जिला स्तर पर नहीं निपटा जा सकता, बल्कि इससे जनता और सरकार को मिलकर लड़ना चाहिए। याचिकाकर्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तत्काल सुनवाई का न्यायालय से अनुरोध किया है।

याचिकाकर्ता ने अंतरिम उपाय के तौर पर उपयोगी सेवाओं यथा- बिजली, पानी, गैस, टेलीफोन, इंटरनेट के बिलों के संग्रहण और लॉकडाउन अवधि के दौरान देय ईएमआई भुगतान के निलंबन के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए जाने का अनुरोध भी किया है। साथ ही, गृह मंत्रालय के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन के लिए राज्य पुलिस और स्थानीय अधिकारियों को निर्देशित करने की भी मांग की गयी है, ताकि आवश्यक सेवाएं बाधित न हों।

कोरोना से निपटने केन्द्रीय मंत्रियों को दी गई राज्यों की जिम्मेदारी

नईदिल्ली,26 मार्च (ए)। भारत में कोरोना वायरस को लेकर राहत की खबर है। स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि कोरोना के संक्रमण की दर में कमी आई है। पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 42 मामले सामने आए हैं। जबकि 4 लोगों की मौत हुई है। ये जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। मंत्रालय का कहना है कि कोरोना के चेन ऑफ ट्रांसमिशन की जांच जारी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से पूरी सतर्कता और सावधानी बरतने की अपील की है। वहीं, केंद्र सरकार ने राज्यों में कोरोना की स्थिति पर नजर रखने के लिए केंद्रीय मंत्रियों को अलग-अलग राज्यों का प्रभारी बनाया है।